# मुख्यमंत्री आज शहडोल के प्रवास पर



**शहडोल, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवम्बर को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाएंगें।

जिला प्रशासन से मिली अधिकृत जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवम्बर को प्रातः 9 बजे वायुयान द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 9: 35 बजे जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे तथा प्रातः 9:40 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10:20 बजे शहडोल के जमुई हैलीपैड पहुचेंगे। मुख्यमंत्री प्रातः 10:25 जमुई हैलीपैड से कार द्वारा प्रस्थान कर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता निभाएंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर 1:40 बजे जमुई हैलीपैड से जबलपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# जनजातीय गौरव दिवस समारोह आज

**शहडोल, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवम्बर को संभागीय मुख्यालय शहडोल के बाणगंगा मेला मैदान में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल की गरिमय उपस्थिति में आयोजित होगा। राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह की तैयारियों की जानकारी पत्रकारों को देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में पारंपरिक लोकनृत्यों गुदुम्ब, शैला, करमा, रीना नृत्यों की प्रस्तुतियां लोक कलाकारों द्वारा दी जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में महिला बाल विकास विभाग, वन विभाग, शिक्षा एवं ट्रायवल विभाग, आजीविका मिशन, हथकरघा विभाग,



## समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली करेंगे सम्बोंधित

कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में उपस्थित जनमानस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली सम्बोंधित करेंगे।

कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान 229.66 करो? रूपये की लागत से 76 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वे 68.15 करो? रूपये की लागत से 33 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 161.51 करो? रूपये की लागत के 43 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

# काट डाला था हाथ, हमलावर को दस साल का कठोर कारावास



**शहडोल, देशबन्धु।** विवाद में एक व्यक्ति का तलवार से हाथ काट देने वाले हमलावर को अदालत ने 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्याणयाधीश तहसील बुढार जिला शहडोल ने थाना बुढार के प्रकरण में आरोपी लखन ऊर्फ विरेन्द्र गुप्ता को भादवि की धारा 326/34 में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं दस हजार रूपए के अर्थदण्डत, आरोपी धीरज गुप्ता को धारा 323/34 भादवि में क्रमशः तीन काउण्टरर 01-01-01 वर्ष की सजा एवं कुल तीन हजार रूपए का अर्थदण्ड एवं आरोपी श्यामजी गुप्ता को 323/34 भादवि में क्रमशः तीन काउण्टपर 01-01-01 वर्ष की सजा एवं कुल तीन हजार एवं धारा 25(1बी) बी आयुध अधिनियम में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं तीन हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में राजकुमार रावत अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी तहसील बुढार द्वारा पैरवी की गई।

संभागीय जनसम्पर्क अधिकारी नवीन कुमार वर्मा ने बताया कि 06 दिसंबर 2017 को फरियादी लाला ऊर्फ पुरूषोत्तम सीएचसी बुढार में अपना बांया हाथ कटा हुआ पंजा गंभीर रूप से घायल अवस्था में रिपोर्ट किया कि बनियान टोला में स्थित पुराने मकान में मरम्मत का कार्य अपने भाई कैलाश, अर्जुन गुप्ता के साथ मिलकर मजदूर लगाकर काम करा रहा था, तभी श्यामजी गुप्ता, धीरज गुप्ता, लखन गुप्ता, राम गुप्ता, चंद्रकली गुप्ता, रोशनी गुप्ता और नमिता गुप्ता एक राय हो कर आए और ईंट पत्थर फेंककर मजदूरों से मारपीट करने लगे। मना किया तो आरोपी लखन गुप्ता?, श्यामजी गुप्ता और राम गुप्ता तलवार लेकर आए और धीरज हाथ में कट्टा लिए था। महिलाएं भी हाथ में डण्डा लिए थीं। लखन गुप्ता जान से मारने की नियत से मारा जिससे फरियादी हाथ उपर करके रोका तो बायां हाथ कलाई के पास से पंजा कटकर जमीन में गिर गया। मेरे भाई अर्जुन गुप्ता को जान से मारने की नियत से तलवार से वार किया तब उसने रोका तो उनका बांया हाथ की अंगुली, पंजा में और जांघ में चोट आई।

## सार-समाचार



### ब्यौहारी में बनेंगी दो बघेली फिल्में

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** नगर परिषद के अंतर्गत रेलवे तिराहा के पास विनायक पैलेस में लोटा एवं कुख्यात दो फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हुआ जिसमें पत्रकार वार्ता के माध्यम से फिल्म के संबंधित जानकारी दी गई । पत्रकारों को लोटा भेंटकर फिल्म का प्रमोशन किया गया फिल्म लीड एक्टर बघेली फिल्मों के स्टार अविनाश तिवारी अभिनेत्री अन्नपूर्णा द्विवेदी, रामकृष्ण वैश्य बुढ़वा ,फिल्म का निर्देशन कुणाल सिंह सोलंकी करेंगे लोकेशन मैनेजर हिमांशु पटेल है मुहूर्त कार्यक्रम का शुभारंभ-विधायक शरद कोल द्वारा किया गया नगर निरीक्षक अरुण पांडे भी कार्यक्रम में उपस्थित थे सबसे बड़ी बात यह है कि पूरी फिल्म को व्यवहारी के विभिन्न लोकेशन में शूट किया जाएगा जिससे व्यवहारी क्षेत्र में आगे आने वाले समय में बड़ी फिल्मों के शूटिंग का रास्ता खुलेगा ।

### जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज टाउन हॉल में

**पन्ना,देशबन्धु।** जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुण्डा की जन्म जयंती इस वर्ष भी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर पन्ना, पवई एवं गुनौर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम सुबह 11 बजे से स्थानीय टाउन हॉल में जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रतिभागियों की उपस्थिति में होगा। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में संबंधितजनों से सहभागिता की अपील की गई है।

जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं के हितलाभ वितरित किए जाएंगे। साथ ही वन अधिकार पत्रों का वितरण, स्वदेश दर्शन के तहत ट्राइबल होम स्टे हितग्राही का सम्मान, निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वसहायता समूह की महिलाओं का सम्मान एवं आजीविका प्रदर्शनी तथा अनुकंपा नियुक्ति पत्रों का वितरण भी किया जाएगा। टाउन हॉल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बिहार के जमुई में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के शहडोल और धार में जनजातीय गौरव दिवस का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### कौमी एकता सप्ताह का आयोजन 19 से 25 तक

**पन्ना,देशबन्धु।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार आगामी 19 से 25 नवम्बर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय संप्रदायिक सद्भावना से प्रेरित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 19 को

**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार, 19 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे से जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अतिरिक्त समूह ग्राम जल प्रदाय तथा एकल ग्राम योजनाओं के प्रगति तथा शालाओं व आंगनबा?ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा भी होगी। कार्यपालन यंत्री एवं समिति के सदस्य-सचिव महेन्द्र सिंह ने बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### अंतिम चयन सूची जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के दो-दो पद पर भर्ती के संबंध में अंतिम चयन सूची जारी की गई है, जिसके तहत गुनौर परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र रतनपुरा में कार्यकर्ता पद पर आराधना दहायत एवं पवई परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र छिर्रहा में खुशबू सिंह का चयन किया गया है। इसी तरह शाहनगर परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र रैयासांटा में सहायिका पद पर संगीता लोधी एवं आंगनबाड़ी केन्द्र परासी में अंशा सिंह का अंतिम रूप से चयन हुआ है।

# ज्वाला धाम मंदिर के बड़े महाराज की चांदी

## ग्राम पंचायत में सचिव भी है करोड़ों के आसामी

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बहु प्रसिद्ध ज्वाला धाम मंदिर में श्रद्धालुओं के आस्था का एकमात्र ऐसा केन्द्र है जहां पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु ज्वाला धाम शक्ति पीठ पहुंच कर माथा टेकते हैं , तथा अपने मनोभावों को पूर्ण करने के लिए लाखों रूपए का गुप्त दान की भेंट चढ़ा कर जाते हैं ,यह धनराशि साल के चारो नवरात्रि में कई गुना बढ़ जाती है लेकिन इस धनराशि का कोई हिसाब नहीं होता है ।

ज्वाला धाम में हों रहीं अकुत आमदनी को छिपाने और किसी अन्य को इसकी भनक न लगे इसके लिए मंदिर के पंडा -पुजारियों के बीच की खटपट प्रशासन के चौखट तक पहुंचती है , पर यहां पर ज्वाला धाम को अपनी विरासत मान चुके बड़े महराज जी की गणित के आगे खटपट को छटपट सुलझा लिया जाता है। ज्वाला धाम मंदिर में विराजमान बड़े महराज जी मूल रूप से ग्राम पंचायत में सचिव पद पर सुशोभित है , जिससे प्रशासन को अपने पक्ष में करने का उनका पुराना पैंतरा आज कहीं ज्यादा असर दार बनकर उभरा है । कभी किसी को ग्राम पंचायत से साधते हैं तो कहीं पर ज्वाला धाम से प्रसाद वितरित कर अपने गोरख धंधा को दिन दुगना -रात चौगुना तरक्की कर रहा है । जब उचेहरा ग्राम पंचायत में सचिव पद पर पदस्थ थे , उस दौरान इन्होने काली कमाई में गजब ढहाया ।



बताया जाता है कि ज्वाला धाम में हुए निर्माण कार्यों में वही कार्य के बिल ज्वाला धाम के खर्चे में जोड़ा गया है और वही कार्य ग्राम पंचायत में भी दर्ज़ है । बड़े महराज जी को यह सहूलियत मिली हुई है कि न यहां कोई देखने वाला और न ही वहां।

आश्चर्यजनक कहा जाये कि बड़े महराज जी के कारोबार को देख कर तार्जुबेकारो का मानना है कि ज्वाला धाम से बड़े महराज जी का तो ज्वाला धाम पूर्ण रूप से इनकी जागीर बनी हुई है , जहां पर एक कैंटीन के साथ तीन अन्य दुकान और एक हार्डवेयर की दुकान संचालित कर रखें है। इतना भी होता तो शायद लोग धीरज रखते पर इसके इतर यहां से प्राप्त होने वाली अंधाधुंध दान का अधिकांश हिस्सा इनके कमाई का हिस्सा बना हुआ है और उससे बड़े महराज जी की हवेली , भौतिक संसाधनों पर व्यय होते देखा जा सकता है । ज्वाला धाम मंदिर की आमदनी का अनुमान लगाने वाले अनुभव कारो का मानना है कि करोड़ों रुपयों की दान राशि जो ज्वाला धाम में आ रही है, वह जिले के अन्य मंदिरों से क ई गुना अधिक है , फिर भी ज्वाला धाम को अब तक प्रशासन अपने हिस्से में लेने के दिशा में अकर्मण्य बना हुआ है ।

# 15 नवम्बर से चलेगा राजस्व महाअभियान 3.0

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार राजस्व महाअभियान 3.0 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक संचालित किया जाएगा। राजस्व महाअभियान में किये जाने वाले कार्यों के विस्तृत दिशा निर्देश कलेक्टर्स को जारी कर दिये गये हैं। राजस्व विभाग के लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को राजस्व महाअभियान 3.0 में ठीक किया जायेगा। जिलेवार प्रगति के लिये राजस्व महाअभियान डेसबोर्ड भी बनाया गया है।

महाअभियान में राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैच्युरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना शामिल है। राजस्व विभाग द्वारा महाअभियान के जारी दिशा निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि समय-सीमा पार कर चुके नामांतरण प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करते हुए नवीन दर्ज प्रकरणों का भी समय-सीमा में निराकरण किया जायेगा। साथ ही उत्तराधिकार नामांतरण के अंतर्गत ग्राम के पटवारी द्वारा बी-1 का वाचन कराया जाकर ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की जायेगी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उसके अनुसार प्रकरण दर्ज कर फौती नामांतरण की कार्रवाई होगी। इसी प्रकार बंटवारा प्रकरणों के लंबित प्रकरणों का निराकरण और नवीन दर्ज प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

राजस्व महाअभियान में 6 माह की अवधि से लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण भी सुनिश्चित होगा। राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि महाअभियान में आरसीएमएस पर दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण और नवीन प्रकरणों को दर्ज कर निराकृत करें। महाअभियान में धारा-131 के तहत मान्यता प्राप्त स?क, रास्ते, सार्वजनिक भूमियों का चिन्हांकन भी होगा।

## विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

**पन्ना,देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। पीएम जनमन अभियान के आधार पर 18 विभिन्न विभागों की 25 योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाकर समृद्ध ग्राम की अवधारणा पर आधारित गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। घरेलू एवं सामुदायिक बुनियादी संरचनाएं, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षण एवं प्रशिक्षण, विद्युतीकरण, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कनेक्टिविटी आलवेदर गतिविधि की कार्ययोजना तैयार कर विशेष ग्राम सभा में अनुमोदन कराया जाएगा।

# कलेक्टर ने अजयगढ़ में की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को अजयगढ़ पहुंचकर विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही को समयबद्ध तरीके से लाभांवित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उपस्थित आशा एवं एएनएम सहित अन्य मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों से विभागीय कार्यक्रमों के बेहतर संपादन के दृष्टिगत संवाद कर समय-सीमा में विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अभियान के माध्यम से 70 वर्ष एवं अधिक आयु के समस्त पात्र व वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही करें। इसके लिए स्थानीय स्तर पर किसी भी समस्या का उचित तरीके से समन्वय के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जागरूकता गतिविधियों के जरिए लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्रजनों को अनिवार्य रूप से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कोई भी पात्र हितग्राही स्वास्थ्य विभाग की सेवा व सुविधाओं से वंचित न हो। अपने क्षेत्र अंतर्गत आमजनों के निरंतर संपर्क में रहकर एवं सतत संवाद कर स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही बुजुर्ग नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में लापरवाही बरतने तथा इस सप्ताह अपेक्षित प्रगति न होने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मैदानी कर्मचारी आवश्यकतानुसार डोर टू डोर संपर्क भी करें एवं योजना के लाभ, प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के बारे में अवगत कराएं। कलेक्टर श्री कुमार ने स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा प्रदत्त सेवाओं की जानकारी लेकर नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं एवं संस्थाओं के बेहतर रूप से संचालन के लिए निर्देशित किया। साथ ही अनमोल पोर्टल में डाटा एंट्री, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन, जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना तथा टीकाकरण कार्यक्रम इत्यादि की जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में नीति आयोग की मंशानुसार विभिन्न संकेतकों के आधार पर विभाग अंतर्गत अब तक की प्रगति व आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड के संबंध में भी आईडी जनरेशन और विभिन्न तकनीकी समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की।

# अब 21 से यात्रियों को फिर रुलाएगी ट्रेन

**शहडोल, देशबन्धु।** यदि आप 21 से 30 नवंबर के बीच यात्रा करना चाह रहे हैं तो आपके लिए यह खबर परेशानियों से भरी हुई है। क्योंकि इस अवधि में रेलवे ने बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द किया है और कई ट्रेनों का मार्ग भी परिवर्तित हुआ है। ट्रेनों को रद्द करने के पीछे का कारण रेलवे ने नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमोडलिंग का कार्य करने को बताया है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि इस कार्य के पूर्ण होने से गाडियों की समय बद्धता एवं गति में तेजी आएगी ।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय बिलासपुर से मिली जानकारी के अनुसार नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप 22 से 30 नवंबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 23 नवंबर से 01 दिसंबर तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 21 से 30 नवंबर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुरङ्कभोपाल एक्सप्रेस और 23 नवंबर से 02 दिसंबर तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 23 से 30 नवंबर तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस और 24 नवंबर से 01 दिसंबर तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द



## कई ट्रेनें हुई रद्द, तो कुछ का मार्ग हुआ परिवर्तित

रहेगी। 22 से 30 नवंबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस और 23 नवंबर से 01 दिसंबर तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

इसी तरह 25, 27 एवं 29 नवंबर को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल और 26, 28 एवं 30 नवंबर को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 25 एवं 28 नवंबर को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ और 26 एवं 29 नवंबर को रायपुर से चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 26 एवं 29 नवंबर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22867 दुर्ग-नि?ामुद्दीन एक्सप्रेस, 27 एवं 30 नवंबर को नि?ामुद्दीन से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22868 नि?ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस, 24 एवं 26 नवंबर को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस और 25 एवं 27 नवंबर को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

जानकारी के अनुसार 24 नवंबर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, 25 नवंबर को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, 24 से 30 नवंबर तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल और 24 से 30 नवंबर तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी-पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 26, 28 एवं 30 नवंबर को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुपपुर पैसेंजर स्पेशल, 26, 28 एवं 30 नवंबर को अनुनपुर से चलने वाली 05756 अनुपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल, 23 से 30 तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल और 24 नवंबर से 01 दिसंबर तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेन

रेलवे द्वारा इस अवधि के दौरान कई ट्रेनों का रूट भी परिवर्तित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 से 29 नवंबर तक बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालघाट-गोंदिया होकर चलेगी। इसी तरह 23 से 29 नवंबर तक गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट-नैनपुर-जबलपुर-कटनी-बरौनी होकर चलेगी।